माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय

(मध्य प्रदेश विधानसभा के अधिनियम क्रमांक 15, 1990 द्वारा स्थापित)

MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

(Setup by Act No.15, 1990 of M.P. Legislative Assembly)

क्रमांक/अका./2016/ 1339 **भोपाल, दिनांक** 05/10/16 **/09/2016**

आदेश

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसरों एवं संबद्ध अध्ययन संस्थानों में किसी भी शैक्षणिक सत्र में प्रवेश उपरांत विद्यार्थियों द्वारा स्वेच्छा से प्रवेश निरस्त कराने के प्रकरणों में शुल्क/मूल दस्तावेजों की वापसी के नियम तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार निर्धारित किए जाते है।

1. शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी सत्र प्रारंभ होने के पहले ही प्रवेश निरस्त करवाते है तो उन्हें पूर्ण शुल्क (प्रवेश शुल्क जो 1000/- से अधिक न हो को छोडकर) वापसी की पात्रता होगी। उन्हें मूल दस्तावेज माईग्रेशन/टीसी, अंकसूची,प्रमाण पत्र आदि वापस किए जा सकेगें।
2. शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पश्चात् अपना प्रवेश निरस्त करवाने वाले विद्यार्थी उस परिस्थिति में उपरोक्तानुसार शुल्क वापसी के पात्र होगें जब उनके द्वारा रिक्त की जा रही सीट प्रतीक्षार्थी द्वारा भरी जाना सुनिश्चित होगी। इस परिस्थिति में विद्यार्थी से अध्ययनरत रहे माह की अनुपातिक शुल्क की कटौति की जाएगी।
3. बिन्दु क्र. 1 एवं 2 से अन्यथा परिस्थितियों में प्रतिभूति राशि के अतिरिक्त कोई शुल्क वापसी नहीं होगी।
4. विश्वविद्यालय में नामांकन अनुमोदित हो चुके विद्यार्थी द्वारा प्रवेश निरस्त कराने के प्रकरण में प्रवेश के समय प्रस्तुत मूल माईग्रेशन/टी.सी. प्रदान नहीं की जाकर, विश्वविद्यालय द्वारा जारी माईग्रेशन/टी.सी. प्रदान की जायेंगें।

-Sd-
(दीपक शर्मा)
कुलसचिव

पृ.क्रमांक/अका./2016/ 1340 **भोपाल, दिनांक** 05/10/16 **/09/2016**

प्रतिलिपि/-

1. निज सचिव कुलपति/कुलाधिसचिव/कुलसचिव को सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्षों/प्रभारी परिसर खंडवा,ग्वालियर,अमरकंटक,रीवा,नोएडा को सूचनार्थ।
3. निदेशक प्रवेश, को सूचनार्थ।
4. निदेशक, संबद्ध अध्ययन संस्थाओं को सूचनार्थ एवं विश्वविद्यालय की संबद्ध अध्ययन संस्थाओं को सूचित करने हेतु।
5. वित्त अधिकारी को सूचनार्थ।
6. परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ।
7. वेबमास्टर, को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
8. सूचना पटल।
9. आदेश पुस्तिका।

(दीपक शर्मा)
कुलसचिव

बी–38, विकास भवन, प्रेस कॉम्प्लेक्स,एम.पी. नगर, जोन–1, भोपाल (म.प्र.) 462011, फोन (0755)2553523 फैक्सः (0755) 2551641
B-38, Vikas Bhawan, Press Complex, M.P. Nagar, Zone-1, Bhopal (M.P.) 462011, Phone- (0755) 2553523 Fax-07552551641 Website; www.mcu.ac.in